राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि : मेघवाल

बीकानेर, (कासं)। राजकीय डूंगर महाविद्यालय में कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय, राजस्थान, जयपुर एवं राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में 15 अक्टूबर को बीकानेर संभाग स्तरीय एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ तथा चूरू जिलों से आये जिला समन्वयकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यशाला के उद्देश्य एवं रूपरेखा का परिचय डॉ. घनश्याम बीठू, कार्यशाला संयोजक एवं एनएसएस समन्वयक ने दिया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य एनएसएस के कार्यों को अधिक संगठित, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर. के. पुरोहित ने स्वागत भाषण में कहा कि एनएसएस केवल एक सेवा योजना नहीं बल्कि युवाओं में सेवा परमो धर्मः की भावना को जागृत करने वाला आंदोलन है।

■ **संभाग स्तरीय एनएसएस कार्यशाला संपन्न**

उन्होंने उल्लेख किया कि डूंगर महाविद्यालय के एनएसएस इकाई ने शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, साक्षरता एवं रक्तदान जैसे क्षेत्रों में निरंतर अनुकरणीय योगदान दिया है। मुख्य अतिथि डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, विधायक (खाजूवाला) ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि है। एनएसएस स्वयंसेवक समाज के सबसे मजबूत स्तंभ हैं, जो ग्रामीण अंचल से लेकर विश्वविद्यालय तक विकास की चेतना जगाते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से आत्मविश्वास और अनुशासन को जीवन का आधार बनाने का आव्हान किया।

विशिष्ट वक्ता डॉ. के. के. कुमावत, राज्य समन्वयक एवं कार्यशाला निदेशक ने एनएसएस की संरचना, नवीन नीतियों एवं डिजिटल प्रबंधन प्रणाली पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि जैसी प्रणालियां सेवा कार्यों को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाती हैं। तकनीकी सत्र में डॉ. कुमावत ने स्वयंसेवकों और कार्यक्रम अधिकारियों को वित्तीय पारदर्शिता प्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सटीक रिपोर्टिंग और डिजिटल प्रमाणन प्रक्रिया के माध्यम से एनएसएस कार्यों की विश्वसनीयता बढ़ाने के उपाय बताए। तकनीकी सत्र में रघुवीर सिंह ने भारतीय न्याय संहिता एवं साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने युवाओं को डिजिटल सावधानी एवं साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर प्रशिक्षित किया।

तकनीकी सत्र में राजन चौधरी, कार्यकारी निदेशक ने नशा मुक्ति आंदोलन में युवाओं की भूमिका पर प्रेरक विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युवा समाज के 'प्रेरक दूत' बनकर नशा उन्मूलन के अभियान को नई गति दे सकते हैं। कार्यशाला के समापन सत्र में डॉ. दिग्विजय सिंह, संयोजक, वेस्टर्न ज़ोन ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि एनएसएस समाज में आशा, अनुशासन और एकता की ज्योति प्रज्वलित करता है तथा नशे की प्रवृत्ति से समाज को दूर रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, सहायक निदेशक ने नशा मुक्ति, नैतिकता एवं अनुशासन के महत्व पर बल दिया।

संभाग स्तरीय एन.एस.एस. कार्यशाला को खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने संबोधित किया।

बाल दिवस से जनजागरण अभियान शुरू

बीकानेर,(कासं)। भाषा, साहित्य, संस्कृति, कला, इतिहास और शोध से जुड़ी लोक चेतना की राजस्थानी त्रैमासिकी राजस्थली के स्वर्ण जयंती वर्ष के आयोजनों में कई नवाचार किये जा रहे हैं। इसी श्रृंखला के तहत राजस्थानी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं लोक जुड़ाव के दृष्टिगत अब बच्चों को संस्कारित एवं पोषित किया जायेगा।

राजस्थली के प्रधान संपादक श्याम महर्षि ने बताया कि 14 नवम्बर बाल दिवस से जनजागरण अभियान चलाया जायेगा, जिसमें प्रभात फेरियां, रैलियां आदि भी निकाली जायेगी। राजस्थली के प्रबंध सम्पादक रवि पुरोहित ने प्रस्तावित आयोजन की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि राजस्थानी भाषा से नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए देश में पहली बार अनूठी पहल की जायेगी। 16 नवम्बर को संस्कृति भवन श्रीडूंगरगढ़ में कला डूंगर कल्याणी स्मृति राजस्थानी बाल साहित्य सम्मान योजना के तहत विमला नागला की पुरस्कृत एवं प्रकाशित कृति 'बातां री मुलक' पर केन्द्रित कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए राजस्थानी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिसमें श्रीडूंगरगढ़ तहसील क्षेत्र के निजी व सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता की समन्वयक भगवती पारीक और प्रबंधक सरोज शर्मा को मनोनीत किया गया है।

राजस्थानी की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने हेतु विद्यार्थियों को कड़ी रूप में जोड़ने यह प्रयास बागेश्वरी साहित्य, कला, सांस्कृतिक विरासत संस्था बीकानेर के सहयोग से किया जा रहा है।

मोटे अनाज से बने व्यजंनों की प्रदर्शनी

श्रीगंगानगर, (कासं)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण मिशन अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह-2025 के अंतर्गत आठवें पोषण मेले का आयोजन बुधवार को अंध विद्यालय स्थित नागेश्वर हॉल में किया गया, जो 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक आयोजित होगा।

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार थीम पर आयोजित मेले का शुभारंभ जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से पौष्टिक व्यंजनों की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मोटे अनाज से बनाये गए व्यंजन आकर्षण का केन्द्र रहे। जिला कलेक्टर ने सराहना करते हुए स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थों के महत्व पर विशेष चर्चा करते हुए उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र पर आने वाली धात्री माताएं और पेरेंटस मीटिंग के दौरान इसकी गुणवत्ता के बारे में बताया।

कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों की हाइट व वजन की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उनके माता-पिता को भी जागरूक करें। जिला कलेक्टर द्वारा मेले में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म की गई।

जिला कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव करवाने और गर्भावस्था में पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी और सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

श्रीगंगानगर जिला नशा मुक्त अभियान के सहप्रभारी विक्रम ज्याणी एवं उनकी टीम द्वारा नशे पर आधारित नाटिका का मंचन भी किया गया जिसमें नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया।

सार-समाचार

पुरानी पेंशन की मांग

कर्मचारी संघों ने एनपीएस आदेशों के विरोध में प्रदर्शन कर आदेशों की होली जलाई।

बीकानेर, (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रांतीय आव्हान पर 11 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में जिला कलेक्टर के माध्यम से जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा व जिला मंत्री मनोज सुथार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को ज्ञापन भिजवाया गया। इससे पूर्व महासंघ के घटक संगठनों के कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही निगम, बोर्ड, विश्वविद्यालय आदि स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारियों में ओपीएस वापस लेने व एनपीएस लागू करने के आदेशों से सभी कर्मचारियों में भारी आक्रोश व असंतोष है। जिला मंत्री मनोज सुथार ने कर्मचारियों में पदोन्नति, स्थानांतरण नीति लागू करने, वेतन विसंगति दूर करने, रिक्त पदों पर नियमित भर्ती करने आदि मांगें उठाई। सभा अध्यक्ष आनंद पारीक ने पीएफआरडीए बिल को निरस्त करते हुए राज्य कर्मचारियों के 53000 करोड रूपए केन्द्र से वापस दिलाने तथा परिभाषित पुरानी पेंशन योजना यथावत रखने की मांग प्रमुखता से उठाई। शिक्षक नेता संजय पुरोहित ने बकाया महंगाई भत्ता एरियर का भुगतान करने, निजीकरण व ठेका प्रथा पर लोग रोक लगाने की बात कही। प्रदर्शन में अरूण गोदारा, यतीश वर्मा, असलम मोहम्मद, देवेन्द्र जाखड़, मकबूल अहमद, सोहन सियाग, रवि बिश्नोई, महेन्द्र पवार, बीरबल रेगर, गोविंद भार्गव, शिवकुमार पुरोहित, अजय जोशी, महेन्द्र स्वामी आदि कर्मचारी नेताओं ने भाग लिया।

बीएमटी कॉन्क्लेव पोस्टर का विमोचन


हिमेटॉलोजी एवं बीएमटी कॉन्क्लेव 2025 के पोस्टर का विमोचन मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने किया।

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा 15-16 नवम्बर को आयोजित होने वाले हिमेटॉलोजी एवं बोनमेरो ट्रांस प्लांटेशन कॉन्क्लेव 2025 के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर आयोजन समिति की संरक्षक एवं आचार्य तुलसी कैंसर उपचार एवं अनुसंधान केन्द्र की निदेशक डॉ. नीति शर्मा ने बताया कि कॉन्क्लेव में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और नवाचारों पर शोध पर चर्चा होगी। आयोजन समिति के चेयरमैन डॉ. सुरेन्द्र बेनिवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन ऑन्कोलॉजी क्षेत्र में देश-विदेश में हो रहे नवाचारों को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। आयोजन समिति के सचिव डॉ. पंकज टांटिया ने बताया कि कॉन्क्लेव में देश-विदेश के ऑन्कोलॉजिस्ट अपने विचार साझा करेंगे। इस आयोजन में एसपीएमसी का मेडिसिन विभाग, पीडियाट्रिक विभाग, पैथोलॉजी विभाग और रेडियोथेरेपी विभाग सहयोगी के रूप में शामिल होंगे। आयोजन समिति की सह सचिव डॉ. रितिका अग्रवाल एवं डॉ. आयुषी श्रीवास्तव होंगी।

बॉर्डर पर बीएसएफ ज्यादा मजबूत

बीकानेर, (कासं)। प्रदेश से सटी 1037 किलोमीटर लम्बी पश्चिमी सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल अब बॉर्डर की निगरानी और सुरक्षा से एक कदम आगे सेना के सारथी की भूमिका को साबित कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैन्य कार्रवाई से पहले और बाद में जो हालात बनें, उनमें बीएसएफ ने अग्रिम मोर्चे पर खुद को साबित किया। इसके लिए सेना के उच्चाधिकारियों ने ऑपरेशन सिंदूर में योगदान के लिए बीएसएफ के चार अधिकारियों को सम्मानित भी किया है। बीएसएफ की सबसे बड़ी ताकत दुश्मन देश पाकिस्तान के भीतर की गतिविधियों की सटीक जानकारी, वायु सेना और थल सेना सहित एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल और रियल टाइम सूचनाओं का साझा करना है। सीमावर्ती ग्रामीणों के साथ बीएसएफ ने विश्वास का मजबूत रिश्ता कायम किया है। इसके बलबूते बीएसएफ में बॉर्डर की सुरक्षा के साथ सेना की बैकबॉन की तरह कार्य करने का नया अध्याय जुड़ गया है। युद्ध के बदलते तरीकों में सेना अब बीएसएफ के जवानों को भी अपने सैनिक की तरह देखती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की ओर से सीमा में घुसपैठ से पहले ही 413 ड्रोन को एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से हवा में उड़ा दिया था। इस दौरान बीएसएफ ने एंटी ड्रोन गन और राइफल से फायर कर 100 से ज्यादा ड्रोन खदेड़े थे। चार सेक्टर मुख्यालय बीएसएफ के, 19 बटालियन बीएसएफ की तैनात, 6,812 गांव सीमावर्ती जिलों में हैं। 300 के करीब सीमा चौकियां (बीओपी) है।

रोज 12.60 लाख अंडा कारोबार

श्रीगंगानगर, (कासं)। यहां रोजाना करीब दो लाख दस हजार अंडों की खपत हो रही है। कारोबारियों की मानें तो एक अंडा छह रूपए में बिकता है, यानी रोजाना करीब 12.60 लाख रूपए का अंडा कारोबार हो रहा है। हर साल अक्टूबर माह के दूसरे शुक्रवार को अंडा दिवस मनाया जाता है। शहर में सिर्फ दो पोल्ट्री फार्म हाउस हैं। ऐसे में अंडों की 90 फीसदी सप्लाई पंजाब से आ रही है। दुकानदार हैप्पी उर्फ पवन कुमार ने बताया कि लालगढ़ और साधुवाली छावनी में सैनिकों की नियमित डिमांड रहती है। सर्दियों में ग्राहकी बढ़ जाती है। कारोबारियों का कहना है कि पंजाब का तापमान मुर्गीपालन के लिए अनुकूल है। वहां सर्दी-गर्मी संतुलित रहती है। जबकि श्रीगंगानगर में मौसम अधिक चरम होता है। पंजाबी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण खानपान में अंडे का सेवन भी अधिक है। गोल बाजार के दुकानदार योगेश मिड्ढा ने बताया कि चिकित्सक भी अंडों को मांसाहारी नहीं मानते, जिससे लोग इसे सेहत सुधारने के लिए खाते हैं। अंडा उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन स्रोत है। एक अंडे में लगभग 6 ग्राम प्रोटीन होता है, जो मांसपेशियों के विकास और मरमत में सहायक है। इसमें विटामिन डी, बी, सेलेनियम और कोलीन जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो हड्डियों, तंत्रिका तंत्र, रोग प्रतिरोधक क्षमता और मस्तिष्क के विकास में मददगार हैं।

घग्घर बहाव क्षेत्र में जलाशय बनें प्रवासी पक्षियों का ठिकाना

सूरतगढ़, (कासं)। सूरतगढ़ व पीलीबंगा के बड़ोपल के घग्घर बहाव क्षेत्र में पानी की उपलब्धता के साथ हरियाली प्रवासी पक्षियों के लिए बसेरा बन रहा है। लम्बी दूरी तय करके सैकड़ों प्रवासी पक्षी जलाशयों, खेतों व घग्घर बहाव क्षेत्र में डेरा डाल रहे हैं। शांत वातावरण इन्हें रहने व प्रजनन के लिए अनुकूल माहौल प्रदान कर रहा है। पक्षी प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

■ **सूरतगढ़ व पीलीबंगा के बड़ोपल के घग्घर बहाव क्षेत्र में पानी की उपलब्धता के साथ हरियाली प्रवासी पक्षियों के लिए बसेरा बन रही है**

क्षेत्र के सूरतगढ़ ब्रांच नहर, घग्घर डिप्रेशन, आसपास के जलाशय व पीलीबंगा का बडोपल की प्राकृतिक झील प्रवासी पक्षियों के ठिकाने हैं। रंग-बिरंगे पक्षियों का कलरव सुनाई दे रहा है। पक्षियों में इंडियन स्कोप आउल भी शामिल हैं,जो स्थानीय तो है लेकिन आसानी से दिखाई नहीं देता। इसके अलावा ग्रेटर फ्लेमिंगो, पाइड आवेसेट, पेंटेड स्टार्क, यूरोपीय रोलर, रोजी स्टार्लिंग, वाइट आईड बजर्ड, टोनी ईगल, ओरिंटल हनी बजर्ड, मोटेग्यू हैरियर, मार्श हैरियर, इजिप्शन वल्चर, रफ आदि पक्षी शामिल है। ग्रेटर फ्लेमिंगो प्रवासी पक्षी है, जो शर्मीली प्रवृति वाला है। यह हल्की सी आहट से स्थान छोड़ देता है। यह गंदे पानी में भी भोजन निकालने की क्षमता रखते हैं। इसके गले में विशेष जाली होती है जिससे भोजन के आवश्यक तत्व ले लेता है तथा बेकार तत्वों को बाहर फेंक देता है। ग्रेटर फ्लेमिंगो आजीवन अपने साथी के साथ रहता है। यह गुजरात का पक्षी है।

यूरोपीय रोलर भारतीय उप महाद्वीप से गुजरने वाला प्रवासी पक्षी है। यूरोपियन रोलर भले ही भारत में सर्दियां न बिताता हो, लेकिन यह भारत में सबसे आकर्षक प्रवासी पक्षियों में से एक है। गुलाबी मैना रूस व कजाकिस्तान की है तथा प्रजनन करने भारत आती है। गुलाबी मैना भारत में सबसे अधिक समय के लिए 6 से 8 माह तक का प्रवास करती है। यह फसलों को नुकसान पहुंचाने वाली टिड्डियों व कीटों का सफाया करती है। पेंटेड स्टॉर्क पक्षी सारस प्रजाति का है। यह उथले पानी के आसपास झुंड में रहता है और मौसम में बदलाव भोजन की उपलब्धता प्रजनन के लिए कुछ समय प्रवास करता है। पेंटेड स्टॉर्क शांत स्वभाव और एक ही मुद्रा में घंटों तक खड़े रहने के लिए जाना जाता है।

किशोर नाइट में गूंजे तराने

बीकानेर, (कासं)। अमन कला केन्द्र द्वारा बुधवार को टाउन हॉल में हिन्दी सिनेमा के जाने-माने पार्श्व गायक किशोर कुमार की पुण्यतिथि मोहम्मद रफी की स्मृति में सलामत रहे दोस्ताना हमारा किशोर नाइट कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संस्था अध्यक्ष एम. रफीक कादरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इकबाल हुसैन समेजा समाजसेवी डायरेक्टर होटल रॉयल इन रानी बाजार थे अध्यक्षता संयुक्त रूप से एन. डी. रंगा अध्यक्ष सखा संगम व रितेश अरोड़ा डायरेक्टर कंप्यूटर एजुकेशन डॉट कॉम ने की। विशिष्ट अतिथि मो. सदीक चौहान, डॉ दिनेश शर्मा, डॉ योगेश साध, समुद्र सिंह राठौड़, एम. आर. कुकरेजा थे। संस्था के सचिव अनवर अजमेरी ने बताया कि कार्यक्रम में ख्वाजा हसन कादरी, अहमद हारून कादरी, सिराजुद्दीन खोखर, एम. रफीक कादरी, दीपक खत्री, आदि गायक कलाकारों ने रफी और किशोर दा के गीत प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

ज्यादती मामले में तीन अध्यापिकाएं निलंबित

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर के एक सरकारी स्कूल में साढ़े पांच साल की बच्ची के साथ हुई ज्यादती के मामले में शिक्षा विभाग ने तीन अध्यापिकाओं को निलंबित कर दिया है। यह मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

■ **सरकारी स्कूल में साढ़े पांच साल की बच्ची के साथ हुई ज्यादती के मामले में शिक्षा विभाग ने तीन अध्यापिकाओं को निलंबित किया**

जांच में पता चला कि विद्यालय की इंचार्ज सहित तीन शिक्षिकाओं ने घटना को गंभीरता से नहीं लिया और समय पर आवश्यक कार्रवाई तक नहीं की। वहीं पुलिस इस प्रकरण की अलग से जांच कर रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सत्यप्रकाश टेलर ने बताया कि मामले की जांच रिपोर्ट सीडीईओ को सौंप दी गई थी। उनके निर्देश पर विभाग ने दोषी अध्यापिकाओं के खिलाफ कार्रवाई की। निलंबित अध्यापिकाओं में रीतू मित्तल, स्वीटी काठवाल और पुष्पा बराला शामिल हैं। तीनों को बुधवार को निलंबित किया गया। मित्तल का मुख्यालय सीबीइओ ऑफिस पदमपुर, काठवाल का सादुलशहर और बराला का मुख्यालय संबंधित कार्यालयों में भेजा गया। जांच में यह भी सामने आया कि घटना की सूचना स्टाफ ने संबंधित विद्यालय की इंचार्ज पुष्पा बराला को दी थी। लेकिन उन्होंने इसे उच्चाधिकारियों तक नहीं पहुंचाया। अन्य शिक्षकों ने भी प्रकरण को गंभीरता से नहीं लिया। प्रारंभिक शिक्षा विभाग के डीईओ हीरालाल बिश्नोई ने दोषी पाये गए इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित किया।

कांस्टेबल युवती के बाद भाभी की भी मौत

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में विषाक्त खाने के मामले में दिल्ली पुलिस की कांस्टेबल युवती की मौत के बाद उसकी भाभी की भी मौत हो गई। भाभी मंजू पत्नी सुभाष मेघवाल ने श्रीगंगानगर के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

राजियासर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 185 आरडी भोजेवाला में अपनी मौसी विमला पत्नी श्रीराम के यहां 5 अक्टूबर आई रवीना व रिश्ते की भाभी मंजू पत्नी सुभाष मेघवाल ने 8 अक्टूबर की रात्रि को जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। दोनों को तबीयत बिगड़ने पर श्रीगंगानगर के निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के दौरान रवीना की 10 अक्टूबर को मौत हो गई थी। वहीं सोमवार को उसकी भाभी की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। रवीना की मौत के मामले में मृतका के पिता ने सुसाइड नोट के आधार पर एक युवती सहित तीन पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का आरोप लगाते हुए राजियासर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। रवीना के पिता महेन्द्र मेघवाल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसकी बेटी ने अपनी सहेली रीटा के मोबाइल पर सुसाइड नोट भेजकर जहर का सेवन कर लिया था। सुसाइड नोट के बारे में पता चलने पर रवीना के पिता ने समीक्षा और विक्रम के खिलाफ आत्महत्या दुष्प्रेरणा का मुकदमा दर्ज करवाया।

डॉ. देवीसिंह सम्मानित

बीकानेर, (कासं)। पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर के सह-आचार्य डॉ. देवीसिंह को पशुचिकित्सा महाविद्यालय, महू (मध्यप्रदेश) में 13 से 15 अक्टूबर को आयोजित 'सोसायटी फॉर वेटरनरी एण्ड एनिमल हसबेंडरी एक्सटेंशन' की 7 वीं राष्ट्रीय सेमिनार में 'एक्सटेंशन साइंटिस्ट' अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान वेटरनरी काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ. उमेश शर्मा, वेटरनरी विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरू डॉ. मनदीप शर्मा तथा सोसायटी के चेयरमैन डॉ. हरीश कुमार वर्मा द्वारा प्रदान किया गया। सम्मेलन के दौरान डॉ. देवीसिंह ने एक लीड पेपर प्रस्तुत किया। डॉ. देवीसिंह को यह सम्मान उनके प्रसार शिक्षा में योगदान के लिए दिया गया।

38 करोड़ से बनेंगे जर्जर स्कूलों में 314 नए कक्ष

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में जर्जर सरकारी स्कूलों की स्थिति अब सुधरेगी। जिला प्रशासन ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) और मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास योजना के तहत 314 कक्षा कक्षों का निर्माण करने का निर्णय लिया है। इस पर 38 करोड़ रूपए की राशि खर्च की जायेगी। जिला परिषद ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और जल्द ही नए भवनों का निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा।

■ **डीएमएफटी और मुख्यमंत्री थार योजना के तहत होगा निर्माण**

झालावाड़ में स्कूल भवन में हुए हादसे के बाद शिक्षा विभाग ने जर्जर भवनों में पढ़ाई व बैठने की व्यवस्था को बंद कर दिया था। अस्थायी रूप से आंगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक भवन, पीएचसी, ग्राम पंचायत भवन या अन्य सरकारी व निजी भवनों में पढ़ाई कराई जा रही है। इनमें से कुछ स्कूल तो शेड के नीचे संचालित हो रहे हैं, जो पूरी तरह से सुरक्षित नहीं हैं। हादसे के बाद शिक्षा विभाग ने तकनीकी विशेषज्ञों की टीम गठित कर जिलेभर के स्कूलों का सर्वेक्षण कराया था। सर्वेक्षण में जर्जर कक्षा कक्षों का आंकलन किया और आवश्यक बजट की मांग की गई।

समग्र शिक्षा अभियान के एडीपीसी अरविंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री थार योजना के तहत 25 करोड़ रूपए से 191 कक्षों का निर्माण, 38 पुस्तकालय, तीन स्कूलों की चारदीवारी और 13 विद्यालयों में छोटे-मोटे कार्य किए जायेंगे। डीएफमएफटी के तहत 123 कक्षा कक्ष, दो बॉलीवॉल खेल मैदान सहित अन्य पर करीब 13.1 करोड़ रूपए खर्च किए जायेंगे। पहली बार तीन सौ से अधिक कमरों का निर्माण एक साथ हो रहा है।

गिरधर, सीईओ, जिला परिषद का कहना है कि मुख्यमंत्री थार व डीएमएफटी योजना में 38 करोड़ रूपए की राशि स्कूलों में कक्षा कक्ष निर्माण, पुस्तकालय, चारदीवारी व अन्य निर्माण कार्यों पर खर्च की जायेगी।

बुरी आदतों का त्याग कर सत्य के पथ पर चलना ही वास्जविक साधना : प्रभ सागर

बीकानेर, (कासं)। गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर म.सा. ने बुधवार को रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में प्रवचन में कहा कि 'जीओ और जीने दो' का संदेश देने वाले भगवान महावीर के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लें। अपने अंतर में सम्यक दर्शन की ज्योति जलाएं तथा भावना को शुद्ध व उत्तम बनाएं।

उन्होंने बृहदारण्यकोपनिषद के श्लोक ओम असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मामत गमय। सुनाते हुए कहा कि जीवन में सम्यक ज्ञान, दर्शन व चारित्र ज्योति अंतर में जलाएं। अंधकार यानी अपने में व्याप्त बुराई, बुरी आदतों पापवृति का त्याग कर प्रकाश यानि सत्य के पथ पर उन्मुख होना ही वास्तविक साधना और आध्यात्म है। आत्म परमात्मा-प्राप्ति के लक्ष्य को भूलकर वर्तमान में मनुष्य सांसारिक चकाचौंध, भौतिक सुख सुविधाओं की प्राप्ति के लक्ष्य प्राप्ति में अपना जीवन गुजार देता है।

बीकानेर में रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में प्रवचन देते मेहुल प्रभ सागर।

उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने सभी प्राणियों के लिए धर्म तीर्थ की स्थापना की, धर्म का बोध तथा मैत्री, करूणा, प्रमोद व मध्यस्थ की भावना रखते हुए आत्म कल्याण का संदेश दिया। भगवान महावीर की साधना व भावना को समझे बिना श्रमण भगवान महावीर के जीवन को नहीं समझा जा सकता। परमात्मा के संदेश व भावना के मर्म को मनुष्य ही समझ सकता है। परमात्मा ने मनुष्य को ही मन के रूप सोचने व समझने की शक्ति दी है। परमात्मा द्वारा प्रदत्त मन की शक्ति का सदुपयोग करें तथा अपनी भावना को शुद्ध रखें। उन्होंने कहा कि साधना करना कठिन है लेकिन मन में जीव मात्र के मैत्री, करूणा, दया की भावना रखना सरल है। धर्म आराधना व साधना के साथ जगत के सभी जीवों के लिए उत्तम भावना रखने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। आयम्बिल की तपस्या करने वाले 35 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं का अभिनंदन वरिष्ठ श्रावक शांति लाल कोठारी, पुखराज पुगलिया, खरतरगच्छ युवा परिषद व महिला परिषद की बीकानेर शाखा के सदस्यों व वरिष्ठ श्राविका पुष्पा बोथरा ने किया।

ऋण मेला सह जागरूकता शिविर आयोजित

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम द्वारा वित्त पोषित राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड तथा कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा बुधवार को मदरसा तालिमुल कुरआन में ऋण मेला सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कालवा ने बताया कि ऋण मेला सह जागरूकता शिविर आयोजन करने का उद्देश्य एवं अल्पसंख्यक समुदाय को स्वरोजगार हेतु विभाग द्वारा दिये जाने वाले विभिन्न प्रकार के ऋण एवं विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संचालित एकमुश्त ऋण समाधान योजना अन्तर्गत मूलधन जमा करवाने पर ब्याज व दंडनीय ब्याज की माफी रहेगी।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 13.10.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 1 के किला नं. 14 में भूखण्ड संख्या का माप 1303 Sp Feet फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री सुरेंदर कुमार मेहता पुत्र श्री ओम प्रकाश मेहता निवासी जी.ओ. आई प्रेस फलैट नं. 200 एस एफ एस राजौरी अपार्टमेंट मायापुरी दक्षिण- पश्चिमी दिल्ली द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री सुरेंदर कुमार मेहता पुत्र श्री ओम प्रकाश मेहता निवासी जी.ओ. आई प्रेस फलैट नं. 200 एस एफ एस राजौरी अपार्टमेंट मायापुरी दक्षिण पश्चिमी दिल्ली द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 1 के किला नं. 14 में भूखण्ड संख्या का माप 1303 Sp फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 18181964 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर